SFB द्वारा UPI-आधारित ऋण सुविधाएँ प्रदान करना

[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स](#)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में [भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)](#) **ने** [लघु वित्त बैंकों (SFB)](#) **को** [एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI)](#) के माध्यम से **पूर्व-स्वीकृत ऋण (लोन) लाइनें** बढ़ाने की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

- इसका उद्देश्य विशेष रूप से **'क्रेडिट के लिये नए' ग्राहकों** के लिये **वित्तीय समावेशन** में वृद्धि करना और **औपचारिक ऋण** को बढ़ाना है।

नोट: सितंबर 2023 में, **UPI** के दायरे का विस्तार किया गया ताकि **पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनों को UPI** के माध्यम से जोड़ा जा सके और [अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों](#) द्वारा फंडिंग खाते के रूप में उपयोग किया जा सके।

- हालाँकि, इसमें **भुगतान बैंक, लघु वित्त बैंक** (SFB) **और** [क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक](#) शामिल नहीं हैं।

लघु वित्त बैंक (SFB) क्या हैं?

- **परिचय:** SFB **विशेष वित्तीय संस्थान** हैं जो [बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949](#) के तहत RBI द्वारा विनियमित होते हैं।
    - **उच्च प्रौद्योगिकी और कम लागत वाले संचालनों** का उपयोग करके **ऋण आपूर्ति** बढ़ाने के लिये **वर्ष 2014-15 के केंद्रीय बजट** में इसकी घोषणा की गई थी।
    - इसकी स्थापना [नचिकेत मोर समिति](#) की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
- **पंजीकरण: SFB को** [कंपनी अधिनियम, 2013](#) के तहत एक **सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत** किया जाता है।
- **उद्देश्य:** इसका प्राथमिक उद्देश्य समाज के **वंचित और असेवित वर्गों** में **वित्तीय समावेशन को बढ़ावा** देना है।
    - यह **लघु व्यवसाय इकाइयों, छोटे और सीमांत किसानों, सूक्ष्म और लघु उद्योगों** और अन्य **असंगठित क्षेत्र की** संस्थाओं की आवश्यकताओं को पूरा करता है।
- **SFB का अधिदेश:** उन्हें **अपने समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (ANBC) का 75%** कृषि, MSME और कमज़ोर वर्गों सहित **प्राथमिकता वाले क्षेत्रों** को आवंटित करना होगा।
    - ग्रामीण बैंकिंग पहुँच में सुधार के लिये **SFB की** कम-से-कम 25% शाखाएँ **बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण क्षेत्रों** में स्थित होनी चाहिये।
- **पूंजी की आवश्यकता:** SFB बैंक स्थापित करने के लिये न्यूनतम **200 करोड़ रुपए की पूंजी की आवश्यकता** होती है।

भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली

डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक भुगतान का अर्थ है डिजिटल डिवाइस या चैनल (बैंक ट्रांसफर, मोबाइल मनी, क्यूआर कोड आदि) का उपयोग करके एक भुगतान खाते से दूसरे भुगतान खाते में धन स्थानांतरित करना।

NPCI द्वारा भुगतान प्रणाली

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) खुदरा भुगतान हेतु एक व्यापक इकाई है (भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007)।

तत्काल भुगतान सेवा (IMPS)

- खुदरा ग्राहकों के लिये
- **सीमा-** ₹1-5 लाख (शुल्क+जीएसटी)
- 24/7(तत्काल निपटान)
- **प्रदाता:** बैंक, पीपीआई, मोबाइल वॉलेट कंपनियाँ

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI)

- IMPS आधारित डिजिटल भुगतान ऐप के लिये प्रौद्योगिकी
- पुश एवं पुल हस्तांतरण
- फ्राँस, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे अन्य देशों द्वारा भी अपनाया गया
- **UPI-Lite+NFC:** ऑफलाइन भुगतान के लिये
- **BHIM-UPI:** धन हस्तांतरण ऐप

रुपे कार्ड पेमेंट गेटवे (RuPay)

- **3 चैनलों में काम करता है: -** एटीएम, प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस, ऑनलाइन पोर्टल
- PMJDY के साथ निशुल्क दिया जाता है
- विदेशों में भी अपनाया गया (जैसे मॉरीशस)

विभिन्न पहलें

- भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS) और यूनिफाइड प्रेजेंटेशन मैनेजमेंट सिस्टम (UPMS)
- राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC)
- PAI चैटबॉट (एआई आधारित क्वेरी रिज़ॉल्यूशन)
- भारत QR
- ई-रूपी (e-RUPI)
- आधार पेमेंट ब्रिज (APB) प्रणाली
- आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS)

RBI की केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली (CPS)

रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (RTGS)

- उच्च मूल्य के हस्तांतरण हेतु
- **निम्न सीमा:** ₹2 लाख (कोई ऊपरी सीमा नहीं) (कोई शुल्क नहीं)
- 24/7 (तत्काल निपटान)
- बैंकिंग और गैर-बैंकिंग संस्थाओं द्वारा उपलब्ध

नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT)

- मध्यम-श्रेणी के हस्तांतरण हेतु
- RBI द्वारा कोई सीमा नहीं (कोई शुल्क नहीं)
- 24/7 (30 मिनट के अंतराल पर बैंकों के बीच सकल राशि का निपटान)
- बैंकिंग और गैर-बैंकिंग संस्थाओं द्वारा उपलब्ध

लाइट वेट पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम (LPSS)

- NEFT/RTGS के लिये RBI का आपातकालीन विकल्प
- अस्थायी, पोर्टेबल समाधान

Drishti IAS

डिजिटल भुगतान नियामक निकाय/सूचकांक

- डिजिटल हस्तांतरण लोकपाल
- भुगतान और निपटान प्रणाली के विनियमन एवं पर्यवेक्षण बोर्ड (BPSS)



UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

??????????

प्रश्न: भारत में लघु वित्ति बैंकों (एस.एफ.बी.) की स्थापना का उद्देश्य क्या है? (2017)

1. लघु व्यवसाय इकाइयों को ऋण प्रदान करना।
2. लघु एवं सीमांत किसानों को ऋण उपलब्ध कराना।
3. युवा उद्यमियों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करना।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (a)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sfbs-to-offer-upi-based-credit-lines